## संपादकीय

# सुरक्षा में जम जाना

यह वाकई चिंता की बात है कि सियाचिन जैसे दुर्गम इलाकों में तैनात जवानों को खाना-कपड़ा और अन्य जरूरी वस्तुएं समय पर नहीं मिल पा रही हैं। नियंत्रक एवं महा लेखा परीक्षक (सीएजी) ने सोमवार को संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में कहा है कि सियाचिन, लद्दाख और डोकलाम जैसी ऊंची बर्फीली जगहों पर तैनात जवानों को पिछले पांच वर्षों में जरूरी उपकरणों के साथ-साथ राशन की भी किल्लत झेलनी पड़ी है।

रिपोर्ट के अनुसार हाई आल्टिट्यूड इलाकों में पहने जाने वाले विशेष कपड़ों और वहां इस्तेमाल होने वाले जरूरी उपकरणों की खरीद में चार साल तक की देरी हुई, जिसके चलते इनकी काफी कमी हो गई। बर्फीले इलाकों में खतरनाक चौंध से आंखों को बचाने वाले स्नो गॉगल्स की 62 फीसदी तक कमी रही। जवानों को 'मल्टी परपज बूट' नहीं मिल सके जिसके कारण करीब एक साल तक उन्हें पुराने जूतों की मरम्मत करके काम चलाना पड़ा। खरीद प्रि या में देरी की वजह से सैनिकों की सुरक्षा और साफ-सफाई पर बुरा असर पड़ा। और तो और, खाना भी उन्हें कम कैलोरी का मिला। रिसर्च और डिवेलपमेंट की कमी और स्वदेशीकरण में विफलता के चलते चीजों के आयात की मजबूरी बनी रही। एक सैन्य अधिकारी की सफाई है कि सीएजी की रिपोर्ट साल 2015-16 से 2018-19 के बीच की है और अब चीजों को सुधार लिया गया है। ये वाकई कितनी सुधरी हैं, इसका पता शायद अगली सीएजी रिपोर्ट में चले, लेकिन अभी तो रिपोर्ट यही बताती है कि दुर्गम जगहों पर तैनात हमारे सैनिक अच्छी स्थितियों में नहीं रह रहे। इंसानी रिहाइश के लिहाज से संसार की इन सबसे बुरी जगहों में उन्हें हर वक्त चाक-चौबंद रहते हुए दिन में दो बार गश्त लगानी पड़ती है। मौजूदा सरकार ने अपने अजेंडे में राष्ट्रवाद और राष्ट्रीय सुरक्षा को सबसे ऊपर रख छोड़ा है। नागरिकों में सैनिकों के प्रति सम्मान और संवेदना बढ़ाने के लिए तमाम कोशिशें की जा रही हैं। सेना में शीर्ष स्तर से ढांचागत सुधारों की शुरुआत कर दी गई है। संगठन और कामकाज की विसंगतियां दूर की जा रही हैं। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ की नियुक्ति की गई है। इन बदलावों के अंतिम लाभार्थी हमारे सैनिक ही होने चाहिए। संसार की किसी भी सेना को खाने-पहनने और आत्मरक्षा की जो आधुनिकतम सुविधाएं उपलब्ध हैं, वे इन जगहों पर तैनात हमारे सैनिकों को मिलनी चाहिए। लेकिन सीएजी की रिपोर्ट से ऐसा लगता है कि हमारे सिस्टम की बुनियादी बीमारियों के वे भी उतने ही शिकार हैं, जितना कोई आम आदमी। यह ऐसी बात नहीं जिसे इस कान से सुनकर उस कान से निकाल दिया जाए। अभी बीस साल पहले करगिल में हम देख चुके हैं कि दुर्गम सीमा क्षेत्रों में जरा भी ढीलापन देश के लिए कितना महंगा साबित होता है।

# रिजर्व बैंक ने रेपो दर 5.15 प्रतिशत पर स्थिर रखा




**मुंबई (आरएनएस)।** रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में रेपो दर को 5.15 प्रतिशत पर यथावत रखा। लगातार दूसरी बैठक में रेपो दर को स्थिर रखा गया है।

रिजर्व बैंक ने मौद्रिक नीति समिति की बैठक के नतीजों की गुरुवार को घोषणा करते हुए कहा कि जब तक संभव है, वह नीतिगत रुख को उदार बनाये रखेगा। रिजर्व बैंक ने आर्थिक वृद्धि दर 2019-20 में पांच प्रतिशत रहने के अनुमान को बनाये रखा। उसने कहा कि आर्थिक वृद्धि 2020-21 में सुधरकर छह प्रतिशत हो सकती है। उसने कहा कि आर्थिक वृद्धि दर अभी भी अपनी संभावित क्षमता से कम है। उसने कहा, ''आर्थिक गतिविधियां नरम बनी हुई हैं।

जिन चुनिंदा संकेतकों में हालिया समय में सुधार देखने को मिला है, व्यापक स्तर पर इनमें भी अभी तेजी आनी शेष है। वृद्धि दर की तुलना में मुद्रास्फीति की बढ़ती रफ्तार को देखते हुए मौद्रिक नीति समिति को लगता है कि स्थिति को यथावत रखा जाना चाहिये।'' उसने कहा कि निकट भविष्य में मुद्रास्फीति के उच्च बने रहने की आशंका है। उसने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को बेहद अनिश्चित बताया। रिजर्व बैंक ने बताया कि मौद्रिक नीति समिति के सभी छह सदस्यों ने रेपो दर यथावत रखने का पक्ष लिया। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ने फरवरी 2019 से अक्टूबर 2019 के दौरान रेपो दर में 1.35 प्रतिशत की कटौती की थी।

# मांग बढ़ने से सोना 150 रुपये मजबूत

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** सोने का भाव गुरुवार को 150 रुपये मजबूत होकर 41,019 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा। पिछले कारोबार में सोना 40,869 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के अनुसार चांदी की कीमत भी 140 रुपये बढ़कर 46,881 रुपये किलो रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा, ''दिल्ली में 24 कैरेट सोने का भाव 150 रुपये मजबूत होकर 41,019 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना और चांदी दोनों की कीमत क्रमश- 1,560 डॉलर प्रति औंस और 17.70 डॉलर प्रति औंस रही।

# इंग्लैंड में चार नेशन सीरीज पर चर्चा कर सकते हैं गांगुली



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरभ गांगुली इंग्लैंड रवाना हो गए हैं और ऐसा माना जा रहा है कि वह वहां पर चार राष्ट्रों की सीरीज पर चर्चा कर सकते हैं। गांगुली को इंग्लैंड ऐंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के साथ अनौपचारिक बैठक में भाग लेना है, जहां वह ईसीबी के अधिकारियों से बात करेंगे। इस बैठक में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के अधिकारी भी शामिल हो सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि चार राष्ट्रों की सीरीज को लेकर इस बात पर भी चर्चा की जाएगी कि यह सीरीज किस तरह शुरू होगी और कैसे यह आईसीसी के फ्यूचर टूर प्रोग्राम में शामिल होगा। गांगुली इसी चीज पर बात करने के लिए इंग्लैंड गए हैं। सूत्रों ने कहा, 'हां, गांगुली ईडन गार्डंस से बुधवार को इंग्लैंड के लिए रवाना हुए हैं और वह वहां चार राष्ट्रों की सीरीज पर बात करेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अधिकारी भी इस बैठक में शामिल हो सकते हैं। यह इस बात पर निर्भर करता है कि चीजों की प्रगति कैसे होती है।

# बीते साल चाय निर्यात तीन प्रतिशत घटा



**कोलकाता (आरएनएस)।** बीते साल यानी 2019 में चाय का निर्यात मामूली घटकर 24.82 करोड़ किलोग्राम रह गया। चाय बोर्ड के आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। इससे पिछले साल चाय का निर्यात 25.60 करोड़ किलोग्राम रहा था। बीते साल हालांकि, चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 5,610.65 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो 2018 की तुलना में 275 करोड़ रुपये अधिक है। चाय बोर्ड के सूत्रों ने कहा कि चाय निर्यात में कमी की वजह देश से कुछ निर्यात में गिरावट आना है। आंकड़ों के अनुसार भारतीय चाय के प्रमुख खरीदारों में सोवियत संघ से अलग हुए देशों का समूह यानी सीआईएस देश शामिल हैं। सीआईएस ने पिछले साल 5.91 करोड़ किलोग्राम भारतीय चाय का आयात किया। यह 2018 के 6.3 करोड़ किलोग्राम से कम है। ब्रिटेन को भी चाय का निर्यात घटकर 1.17 करोड़ किलोग्राम रह गया, जो 2018 में 1.57 करोड़ किलोग्राम था। पाकिस्तान को निर्यात 62.3 लाख किलोग्राम रहा, जो इससे पिछले साल 1.58 करोड़ किलोग्राम था।

# अच्छी सेहत चाहिए तो पानी के लिए प्लास्टिक बॉटल नहीं इन चीजों का करें इस्तेमाल



हम सब बचपन से प्लास्टिक का इस्तेमाल करते आ रहे हैं। पानी की बॉटल से लेकर हमारे लंच बॉक्स तक, सारी चीजें प्लास्टिक से ही बनी होती थीं। हालांकि अब चीजें तेजी से बदल रही हैं और दुनियाभर में प्लास्टिक पर बैन लग रहा है क्योंकि प्लास्टिक की वजह से हम जो खा रहे हैं, पी रहें, जिस हवा में सांस ले रहे हैं सब में टॉक्सिन्स यानी जहरीले तत्व फैल रहे हैं। अमेरीकी संस्था फूड ऐंड ड्रग ऐडमिनिस्ट्रेशन एफडीए की मानें तो जब प्लास्टिक गर्म होता है तो उसमें से 50 से 60 अलग-अलग तरह के केमिकल्स निकलते हैं। ये सारे केमिकल्सस हमारे शरीर के अंदर जाकर हमें कई तरह की बीमारियां देते हैं जैसे- ओवेरी से जुड़ी बीमारियां, ब्रेस्ट कैंसर, कोलोन कैंसर, प्रॉस्टेट कैंसर, पीसीओडी एक्सट्रा एक्स्ट्रा...

### हानिकारक है प्लास्टिक फिर यूज क्यों करना

अब जरा सोचिए अगर प्लास्टिक हमारी सेहत के लिए इतना हानिकारक है तो इसका इस्तेमाल क्यों करना? ऐसे में अगर आप भी अब तक पानी के लिए प्लास्टिक बॉटल्स का इस्तेमाल कर रहे थे तो वक्त आ गया है कि आप अपनी इस आदत को आज ही बदल दें। हम आपको बता रहे हैं बॉटल्स के उन विकल्पों के बारे में जिन्हें आप प्लास्टिक की जगह यूज कर सकते हैं।

### मिट्टी की बॉटल्स

जी हां, पहले जहां सिर्फ मिट्टी की सुराही, मटका या मिट्टी का घड़ा मिलता था वहीं, अब बॉटल के शेप में भी मिट्टी के बर्तन बिक रहे हैं और यह पूरी तरह से इको फ्रेंडली ऑप्शन है।

# अमेरिका से 75 अरब डॉलर के आयात पर शुल्क की कटौती करेगा चीन

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन ने अमेरिका के 75 अरब डॉलर के सामानों पर लगे दंडात्मक शुल्क में 50 प्रतिशत कटौती करने की गुरुवार को घोषणा की। यह कटौती 14 फरवरी से लागू होगी। चीन और अमेरिका के बीच व्यापार युद्ध समाप्त करने के प्राथमिक समझौते पर हस्ताक्षर करने के एक महीने बाद यह घोषणा की गई है। राज्य परिषद शुल्क आयोग के अनुसार यह कटौती सितम्बर में 1,600 से अधिक वस्तुओं पर लगाए गए पांच प्रतिशत और 10 प्रतिशत के शुल्क पर लागू होगी। इन शुल्कों को घटाकर करीब आधा कर दिया जाएगा।

# अब चेक क्लीयरिंग के लिए नहीं होगी कोई दिक्कत



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** अब बैंक ग्राहकों को चेक क्लीयर होने के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। भारतीय रिजर्व बैंक ने सितंबर से देशभर में चेक ट्रंकेशन सिस्टम (सीटीएस) को लागू करने का फैसला किया है जिससे अब आपका चेक बेहद कम समय में क्लियर होगा।

अभी यह व्यवस्था केवल बड़े क्लीयरिंग हाउस में लागू है। केंद्रीय बैंक ने बताया है कि सीटीएस सफल रहा है। इसके कई फायदे देखने को मिले हैं। इसे देखते हुए सितंबर 2020 में देशभर में इसे लागू किया जाएगा। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष की अंतिम द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के दौरान यह घोषणा की।

पूरे देश में सीटीएस लाने के साथ ही आरबीआई ने डीपीआई लॉन्च करने की भी बात कही है। देखा गया है कि भारत में डिजिटल पेमेंट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए आरबीआई ने कहा है कि जल्द ही डिजिटल पेमेंट्स इन्डेक्स लॉन्च किया जाएगा। केंद्रीय बैंक ने स्टेटमेंट में कहा है कि डीपीआई कई मापदंड़ों पर आधारित होगी और विभिन्न डिजिटल पेमेंट मोड्स की पैठ और गहराई को सही से दर्शा सकेगी।

स्टेटमेंट में कहा गया है कि डिजिटल पेमेंट्स में पर्याप्त वृद्धि और पेमेंट इकोसिस्टम में निकायों द्वारा मैच्योरिटी पाने के साथ पेमेंट सिस्टम में निकायों के ऑर्डर के अनुसार परिचालन के लिए एक स्व-नियामक संगठन का होना जरूरी है।

# आर्चर चोट के कारण आईपीएल और श्रीलंका दौरे से बाहर



**लंदन।** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर कोहनी में चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अगले संस्करण और श्रीलंका दौरे से बाहर हो गए हैं।

आर्चर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में पहले टेस्ट के दौरान चोट लगी थी जिसके बाद वह बाकी के तीन टेस्ट मैच भी नहीं खेल सके थे। आर्चर का स्कैन कराया गया था जिसकी रिपोर्ट में उनकी कोहनी में फ्रैक्चर की पुष्टि हुई है। इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने गुरुवार को बयान जारी कहा, आर्चर चोट के कारण ईसीबी की मेडिकल टीम के साथ रिहेबिलिटेशन सेंटर जाएंगे और जून में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली तीन टेस्ट मैच की सीरीज की तैयारियां करेंगे। इंग्लैंड को इसी वर्ष मार्च में श्रीलंका का दौरा करना है जहां उसे मेजबान टीम के साथ दो टेस्ट मैच की सीरीज खेलनी है।

## आज का राशिफल

*मेषः* इस वक्त आपके स्वास्थ्य और मानसिक धरातल में बहुत सुधार हो रहा है। कुछ कर गुजरने के लिए वे सभी हुनर काफी हैं जिनकी आपको जानकारी है।

*वृषभः* इस वक्त आपकी दूरदर्शिता का असर आपके कामकाज पर हो रहा है।

*मिथुनः* आपके कार्यक्षेत्र के वातावरण में सुधार होगा और इसके चलते आपका स्वास्थ्य भी बेहतर होता जाएगा।

*कर्कः* अब आपके लिए परिस्थितियां कुछ नया मोड ले रही हैं। आपके सभी अवरूद्ध लाभ भी हाथ में आने वाले हैं।

*सिंहः* किसी प्रकार का रिस्क लेने के लिए अभी समय अच्छा है। अगर इन्वेस्टमेंट या जमीन-जायदाद का सौदा करने की सोच रहे हैं तो फिर आगे की चर्चा करें।

*कन्याः* इस वक्त आपको अपने रूटीन लाइफ में बदलाव के लिए कहीं छुट्टी या पर्यटन का आयोजन करना होगा।

*तुलाः* इस वक्त आपका पारिवारिक वातावरण अच्छा चल रहा है। घर के किसी सदस्य पर आकस्मिक संकट भी खत्म हो गया है।

*वृश्चिकः* आपके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय आज सार्थक हो सकते हैं। दाम्पत्य जीवन में मधुरता आएगी।

*धनुः* आपके घर परिवार में इस वक्त कोई मांगलिक कार्य आयोजित होने वाले हैं। किसी विवाह योग्य सदस्य के लिए रिश्ते की बात आज हो सकती है।

*मकरः* काफी समय से किसी मित्र के साथ पैदा हुए तनाव आज सुलह सफाई के स्तर पर आकर खत्म हो जाएगा।

*कुंभः* इन दिनों कुछ रंगीन मिजाज लोगों के साथ आपका उठना बैठना चल रहा है।

*मीनः* किसी मानसिक भ्रम या भय के कारण आपका स्वास्थ्य ठीक नहीं रहेगा। काम में अरूचि रहेगी।

# रेस 3 को फ्लॉप कहना गलत, रेमो डिसूज़ा ने बताई वजह



कोरियॉग्रफर से डायरेक्टर बने रेमो डीसूजा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी की सक्सेस को इंजॉय कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने सलमान स्टारर रेस 3 की विफलता पर बात की।

रेमो ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि रेस 3 असफल फिल्म थी। उन्होंने कहा कि लोग फिल्मों पर बात करते हैं, फिर चाहे वह हिट हो, फ्लॉप हो या फिर ब्लॉकबस्टर लेकिन अब उनका फोकस बॉक्स ऑफिस कलेक्शन और यह जानने पर होता है कि फिल्म ने पहले वीकेंड में कितनी कमाई की।

रेमो ने आगे कहा कि डायरेक्टर के तौर पर उन्हें नहीं लगता कि 180 करोड़ बुरा नंबर है। उन्होंने दूसरी फिल्मों पर तंज कसते हुए सवाल उठाया कि अन्य फिल्में 120 से 130 करोड़ रुपये कमाकर ब्लॉकबस्टर घोषित कर दी जाती हैं लेकिन लोगों को लगता है कि उनकी (रेमो) फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा परफॉर्म नहीं किया।

रेस 3 की रिलीज के बाद ऐसी रिपोर्ट्स सामने आई थीं कि रेमो और सलमान खान के बीच अनबन हो गई है। इस बारे में बात करते हुए फिल्ममेकर ने कहा था कि उनकी इक्वेशन अब भी अद्भुत है। वे अब भी मिलते हैं और फिल्मों पर चर्चा करते हैं। रेमो के मुताबिक, वे दोनों अपनी-अपनी फिल्मों में बिजी हैं। वर्क फ्रंट की बात करें तो रेमो की हाल में रिलीज हुई फिल्म स्ट्रीट डांसर 3डी में वरुण धवन, श्रद्धा कपूर, नोरा फतेही और प्रभुदेवा समेत तमाम ऐक्टर्स नजर आए थे।

# शाहरूख खान के साथ कॉफी डेट पर जाना चाहती हैं दिशा पाटनी



ऐक्ट्रेस दिशा पाटनी भले ही इंडस्ट्री में कुछ ही फिल्में पुरानी हों लेकिन सोशल मीडिया पर उनकी फैन फॉलोइंग पहले ही लंबी-चौड़ी है।

वैसे दिशा केवल अपनी फिल्मों के लिए ही नहीं बल्कि टाइगर श्रॉफ के साथ अपनी कथित रिलेशनशिप के कारण भी चर्चा में रहती हैं। वैसे ऐसा नहीं है कि वह केवल टाइगर में इंटरेस्टेड हैं। बॉलिवुड में कोई और भी है जिसके साथ दिशा डेट पर जाना चाहती हैं। इस समय दिशा अपनी आने वाली फिल्म मलंग के प्रमोशन में बिजी हैं और इसी दौरान फिल्म के अलावा जब यह पूछा गया कि वह किसके साथ कॉफी डेट पर जाना चाहती हैं।

इसका जवाब देते हुए दिशा ने कहा कि वह बॉलिवुड के बादशाह शाहरुख खान के साथ डेट पर जाना चाहती हैं। इसके अलावा दिशा ने यह भी कहा कि फिल्मों में काम करने के बावजूद वह आज तक कभी शाहरुख से मिली नहीं हैं। दिलचस्प बात यह है कि यही सवाल दिशा के मलंग में को-स्टार आदित्य रॉय कपूर से भी पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने बॉलिवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन का नाम लिया।

# घर पर ऐसे बनाएं टेस्टी 'मिक्स दाल हान्डवो'



### सामग्री :-

तुवर दाल- 1/4 कप, उड़द दाल- 1 टेबलस्पून, हरी मूंग दाल- 1 टेबलस्पून, चावल- 1/2 कप, खट्टी दही- 1/4 कप, लौकी- 3/4 कप , तेल- 3 टीस्पून, बेकिंग सोडा- एक चुटकी, शक्कर- डेढ़ टीस्पून, लाल मिर्च पाउडर- 1/4 टीस्पून, हल्दी पाउडर- 1/2 टीस्पून, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट- 1 टीस्पून, नमक-स्वादानुसार, राई-1/2 टीस्पून, तिल- 1/2 टीस्पून, अजवाइन- 1/2 टीस्पून, हींग- 1/4 टीस्पून

### विधि :-

सभी दाल और चावल को पानी में डालकर कम से कम 4-5 घंटे के लिए भिगो दें। फिर छानकर दाल और चावल को एक साथ मिक्सर में पीसकर बारीक पेस्ट बना लें और इसमें दही डालकर अच्छी तरह से मिक्स कर लें फिर ढककर थोड़ी देर के लिए रख दें। फिर इसमें लौकी, एक टीस्पून तेल, नींबू का रस, बेकिंग सोडा, शक्कर, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी, अदर-हरी मिर्च का पेस्ट और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करके एक तरफ रख दें। एक नॉन-स्टिक पैन में बचे हुए 2 टीस्पून तेल को गरम करें, जब तेल गरम हो जाए, तब इसमें राई डालें, जब यह चटकने लगे, तब इसमें तिल, अजवाइन और हींग डालकर मीडियम आंच पर 3-4 सेकेंड तक भून लें। फिर इसके ऊपर आधा बैटर डालकर मोटी परात में फैला दें और ढककर धीमी आंच पर 9 मिनट या नीचे से गोल्डन और करारा होने तक पका लें।

2 बड़ी टीस्पून का यूज करके हान्डवो को हल्के हाथों से उठाकर पलट दें और फिर ढककर धमी आंच पर 5-6 मिनट या हल्का गोल्डन होने तक पका लें। इसे एक प्लेट में निकाल लें और जब यह हल्का ठंडा हो जाए, तब इसे मनपसंद शेप में काटकर सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 26

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।




**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 025 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

## सू-दोकू- 26

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.25 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |